# नोएडा में जमीन पर उतरेगी देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी

## फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने लेआउट प्लान तैयार करके यीडा को सौंपा दिया है

राजेंद्र कुमार

**लखनऊ:** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण की राह अब साफ हो गई है.

फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी 'बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी' ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) को सौंप दिया है. अब यीडा निर्माण कार्य शुरु करेगा. यह फिल्म सिटी ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है. पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरु होगा, जिसकी लागत 1510 करोड़ रुपए है. इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों अगले माह कराए जाने की पूरी तैयारी है.




**21** एकड़ में एक इंस्टीट्यूट भी बनाया जाएगा

**13** से 14 अत्याधुनिक फिल्म साउंड स्टूडियो भी बनेंगे

**3** लाख वर्ग मीटर में फिल्म इंस्टीट्यूट स्थापित करेगी

**5** लाख लोगों को रोजगार मिलेगा इस प्रोजेक्ट से

**1510**
करोड़ अनुमानित लागत

**230**
एकड़ भूमि पर काम शुरु होगा

**1000**
एकड़ में विकसित होगी फिल्मसिटी

### क्या-क्या बनेगा इस फिल्म सिटी में?

- 10,000 सीटों वाला कन्वेंशन सेंटर
- भारतीय सिनेमा पर आधारित संग्रहालय
- विशेष फिल्म फेस्टिवल जोन
- कलाकारों के लिए आवासीय सुविधाएं
- भारत की वास्तुकला शैली के स्टूडियो सेट्स
- बड़े साउंड स्टेज और अंडर-वाटर शूटिंग स्टूडियो
- पानी के अंदर शूटिंग के लिए भी सुविधा विकसित की जाएगी.
- बिना अनुमति के प्रोजेक्ट में नहीं होगा कोई बदलाव
- फिल्म सिटी का विकास आठ साल में चार चरण में पूरा होगा
- फिल्म सिटी को पर्यटन केंद्र के तौर पर भी विकसित किया जाएगा
- फिल्मों के विकास को दिखाने के लिए बनेगा म्यूजियम

### नए जमाने के हिसाब से बन रही

फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि मैंने इन सभी फिल्म सिटीज को करीब से देखा है. जब ये फिल्म सिटी बनाई गई थीं, तब का जमाना अलग था, न तकनीक ऐसी थी, न जरूरतें ज्यादा थीं. लेकिन अब समय बदल गया है, नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी को नए जमाने के मुताबिक बनाया जाएगा. बोनी कपूर ने कहा कि यहां पर बनने वाली फिल्म सिटी अन्य फिल्म सिटी से एकदम अलग और आधुनिक होगी. फिल्म सिटी के अंदर ही कलाकारों को हर सुविधा मिलेगी.

### देरी पर जुर्माने का है नियम

यीडा के सेक्टर 21 में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के लिए बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. ने 18% राजस्व हिस्सेदारी की बोली लगाकर निविदा जीती थी. कंपनी व यीडा में हुए अनुबंध के तहत एक साल में फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरु होना जरूरी है. इस अवधि के बाद रोज 1.5 लाख रुपए जुर्माने का प्रविधान है.